भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1682
जिसका उत्तर मंगलवार 08 मार्च, 2016 को दिया जाना है

भेल द्वारा ताप विद्युत संयंत्र की स्थापना

1682. श्री एस० सेल्वाकुमार चिन्नैयन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड (भेल) को हाल ही में तमिलनाडु सरकार की ओर से तमिलनाडु में 800 मेगावाट क्षमता की अतिमहत्वपूर्ण तापीय विद्युत परियोजना की स्थापना के लिए कोई ठेका करार प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त परियोजना पर कितनी राशि व्यय होने की संभावना है; और

(घ) यह परियोजना कब तक पूर्ण तथा उत्पादन के लिए तैयार हो जाने की संभावना है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्धेश्वर)

(क): जी, हां।

(ख) और (ग): भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने सुपर-क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट्स के प्रमुख संयंत्र पैकेज के लिए डिजाइन, इंजीनियरी, विनिर्माण, आपूर्ति, स्थापना, चालू करने और निर्माण कार्यों के लिए तमिलनाडु सरकार के एक उपक्रम, तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कार्पोरेशन लिमिटेड (टीएएनजीईडीसीओ) से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली लगाकर दो परियोजनाओं के लिए के लिए हाल ही में ठेका करार (2015-16 की चौथी तिमाही के दौरान) प्राप्त किया है। ये परियोजनाएं, 1X800 मेगावाट नॉर्थ चेन्नई थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट स्टेज-III थिरुवेल्लूर जिले में और 2X800 मेगावाट उप्पुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्टेज-III रामनाथपुरम जिले में अवस्थित हैं। इन परियोजनाओं में भेल के कार्य-क्षेत्र से संबंधित क्रयादेशों का मूल्य क्रमशः ₹2759 करोड़ और ₹5580 करोड़ है।

(घ):

पावर प्रोजेक्ट	पूरा होने की संभावना
1X800 मेगावाट नॉर्थ चेन्नई थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्टेज-III	अगस्त, 2019
2X800 मेगावाट उप्पुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्टेज-III	सितम्बर, 2019

******